पत्र संख्या : 7ब/4711 यो०ज०सं०–01/14.........148

# झारखण्ड सरकार
## जल संसाधन विभाग

प्रेषक,

**बी०के० त्रिपाठी,**
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

**मुख्य अभियंता, हजारीबाग/मेदिनीनगर;**
संबंधित अधीक्षण अभियंता/संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी;
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड।

**रॉची, दिनांक :–** 18-12-14

विषय :– मॉग संख्या–49–जल संसाधन विभाग, योजना मुख्य शीर्ष–4711–बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–01–बाढ़ नियंत्रण, लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–58–नई बाढ़ नियंत्रण/कटाव निरोधक कार्यो का निर्माण, विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण 44 लघु निर्माण कार्य, विपत्र कोड–49P471101789580544, के अंतर्गत व्यय हेतु वित्तीय वर्ष–2014–15 में निधि का आवंटन।

महाशय,

वित्तीय वर्ष 2014–2015 में व्यय हेतु बजट मुख्य शीर्ष **4711 – बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजी परिव्यय** के अंतर्गत परिशिष्ट–1 में दर्शाये गये लघु शीर्ष/उप शीर्ष के अधीन अंकित कार्यालय को आवंटन संसूचित किया जाता है :–

| क्र० | मॉग संख्या/मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष | लघु शीर्ष/उप शीर्ष | विस्तृत शीर्ष / विपत्र कोड़ | आबंटित राशि (लाख रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 49–जल संसाधन विभाग 4711–बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय/ 01–बाढ़ नियंत्रण, | 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–58–नई बाढ़ नियंत्रण/कटाव निरोधक कार्यो का निर्माण, | 05–निर्माण 44 लघु निर्माण कार्य / 49P471101789580544 | **92.44** |

**आवंटित राशि – ₹ बानबे लाख चौवालीस हजार मात्र।**

---

2. आवंटित राशि वर्ष 2014–2015 के बजट उपबंध **रू० 200.00 लाख (दो करोड़) मात्र** के अंतर्गत है।

3. आवंटित राशि के निकासी की प्रक्रिया एवं शर्त्ते वित्त विभागीय स्थायी अनुदेश का पत्रांक 2561 वि० (2) दिनांक 17.04.98 एवं 1800 (वि०) दि० 15.07.2003 के आलोक में होगा।

4. आवंटित राशि का व्यय प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति एवं स्वीकृत कार्यक्रम के अंतर्गत परिशिष्ट 1 पर वर्णित कार्यो के अनुरूप किया जायेगा।

5. संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता अपने परिक्षेत्राधीन कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा स्वयं करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय निर्धारित नियमों के अनुरूप हो।

6. राशि की निकासी के पूर्व संबंधित विपत्र/चेक पर निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा इस प्रसंगाधीन आवंटन आदेश की संख्या एवं तिथि का उल्लेख करना होगा, जिसके आधार पर संबंधित विपत्र/चेक में निहित राशि की निकासी की जा रही है। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी विपत्र/चेक पर अंकित करना होगा कि विपत्र में निहित राशि बजट उपबंध तथा आवंटित राशि के अधीन है और राशि की निकासी के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी स्वयं सक्षम पदाधिकारी है। प्रत्येक विपत्र/चेक के साथ संबंधित आवंटन आदेश की अभिप्रमाणित प्रति निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से संलग्न की जायेगी।

(श्वेता कुमारी)
सहायक अभियंता

(मुक्ति साधन चौरसिया)
उप सचिव (अभि०)

(सुनील कुमार सिन्हा)
संयुक्त सचिव (अभि०)

7. सरकारी नियम/ अधिनियम यथा वन संरक्षण अधिनियम 1980 आदि का उल्लंघन नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाय।

8. राशि की निकासी कर उसे चालू / बचत खाता में नहीं रखा जाय।

9. आवंटित राशि से दायित्व का भुगतान या अन्य मद में व्यय बिना अनुमति के नहीं किया जाय।

10. इस शीर्ष के अंतर्गत उपर्युक्त राशि आवंटित की जा रही है, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उसी शीर्ष के अंतर्गत भारित करेंगें। प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी पूर्णतः सुनिश्चित हो लेंगें कि इकाईवार व्यय की सीमा किसी भी परिस्थिति में संबंधित इकाई के अंतर्गत आवंटित राशि से अधिक नहीं हो, अन्यथा अधिकाई व्यय की पूरी जवाबदेही संबंधित पदाधिकारी पर होगी।

11. बिहार वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल/सचिवालय अनुदेश तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा।

12. प्रत्येक निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार त्रैमासिक रूप से महालेखाकार रॉची के साथ निश्चित रूप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे।

13. विभिन्न इकाई मदों में आवंटित राशि से यदि राशि बच जाती है तो उसका **इकाईवार प्रत्यर्पण 28 फरवरी 2015** तक निश्चित रूप से कर देंगे।

**नोट : आवंटित राशि को Online Allotment System द्वारा निर्गत किया जा चुका है जिसका Access no परिशिष्ट–1 के स्तंभ–11 में अंकित है। यह आवंटनादेश जल संसाधन विभाग के वेब साईट (http://www.wrdjharkhand.nic.in) पर भी उपलब्ध है।**

**अनुलग्नक–यथोक्त्**

**(बी॰के॰ त्रिपाठी)**
**अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक :– 148 रॉची, दिनांक :– 18-12-14

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (लेखा एवं हक॰) झारखण्ड पो॰– **हिनू, रॉची/कोषागार पदाधिकारी, राँची/डोरण्डा/हजारीबाग/मेदिनीनगर/गढ़वा** सहित राज्य के सभी कोषागार एवं उपकोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनुलग्नक–यथोक्त्।**

**(बी॰के॰ त्रिपाठी)**
**अपर मुख्य सचिव**

ज्ञापांक :– 148 रॉची, दिनांक :– 18-12-14

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, वित्त विभाग/संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/योजना एवं विकास विभाग/आंतरिक वित्तीय सलाहकार जल संसाधन विभाग/अभियंता प्रमुख–I एवं II जल संसाधन विभाग/मुख्य अभियंता (मो॰) रॉची/संयुक्त सचिव (अभि॰)/उप सचिव (अभि॰) जल संसाधन विभाग को पॉच प्रति/प्रशाखा–7 को दस अतिरिक्त प्रतियों में/सांख्यिकी पदाधिकारी जल संसाधन विभाग/अपर मुख्य सचिव के सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, रॉची/वेब सूचना प्रबंधक, जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनुलग्नक–यथोक्त्।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (श्वेता कुमारी) | (मुक्ति साधन चौरसिया) | (सुनील कुमार सिन्हा) | **(बी॰के॰ त्रिपाठी)** |
| सहायक अभियंता | उप सचिव (अभि॰) | संयुक्त सचिव (अभि॰) | **अपर मुख्य सचिव** |

विभागीय पत्रांक.......148....... दिनांक ....18-12-14....... का अनुलग्नक परिशिष्ट – 1

मांग संख्या–49–जल संसाधन विभाग
मुख्य शीर्ष–4711–बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय
उप मुख्य शीर्ष–01–बाढ़ नियंत्रण
लघु शीर्ष–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना,
उप शीर्ष–58–नई बाढ़ नियंत्रण/कटाव निरोधक कार्यो का निर्माण
विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण 44 लघु निर्माण कार्य
विपत्र कोड– 49P471101789580544

**वित्तीय वर्ष 14–15 में बजट उपबंध रू० 200.00 लाख (दो करोड) मात्र।** **राशि लाख रूपये में**

| क्र० | प्रमंडल का नाम | मुख्य अभियंता | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति का | | मार्च 2014 तक का व्यय | वित्तीय वर्ष 2014–15 में आवंटन | | | On-line Allotment Access No. | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रसंग | राशि | | पूर्व का आबंटन | वर्त्तमान आबंटन | कुल आवंटित राशि | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | जलपथ प्रमंडल बरही, (HZBIRR017) | हजारीबाग | कोडरमा जिलान्तर्गत सतगाँवा प्रखण्ड के ग्राम घुरमुरिया एवं मांझेडीह के नजदीक छोटनर नदी से हो रहे कटाव संरक्षण कार्य। | 91/13–14/प्र०स्वी०, दिनांक – 03.03.2014 | 305.090 | 0.00 | 0.00 | 60.00 | 60.00 | 80756 | |
| 2 | अनुसंधान प्रमंडल, गढ़वा (GRHIRR001) | मेदिनीनगर | गढ़वा जिलान्तर्गत कांडी प्रखण्ड के सुण्डीपुर गाँव के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य | 59/13–14 दि०–08.01.14 | 29.860 | 0.00 | 0.00 | 23.78 | 23.78 | 80757 | |
| | | | गढ़वा जिलान्तर्गत मझिगाँव प्रखण्ड के आमर ग्राम में कटाव निरोधक कार्य | 58/13–14 दि०–08.01.14 | 12.631 | 0.00 | 0.00 | 8.66 | 8.66 | | |
| | | | | | योग | **0.00** | **0.00** | **92.44** | **92.44** | | |

**आवंटित राशि – ₹ बानबे लाख चौवालीस हजार मात्र।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (श्वेता कुमारी) | (मुक्ति साधन चौरसिया) | (सुनील कुमार सिन्हा) | (बी.के. त्रिपाठी) |
| सहायक अभियंता | उप सचिव (अभि०) | संयुक्त सचिव (अभि०) | अपर मुख्य सचिव |